हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

12 दूसरे दिन भी नहीं खरीदा गया बाजरे का एक भी दाना...



12 भागवत कथा में गूंजा प्रभु नाम स्मरण व निःस्वार्थ...



खबर संक्षेप



एसडीएम ने किया गिरदावरी कार्य का औचक निरीक्षण

महेंद्रगढ़। फसलों के नुकसान और वास्तविक स्थिति के सटीक आंकलन के लिए एसडीएम योगेश सैनी ने क्षेत्र के निम्बी, पहाड़वास व बुचावास सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर चालू गिरदावरी कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गिरदावरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और किसानों की फसलों का शत-प्रतिशत सही रिकॉर्ड दर्ज करना है। एसडीएम ने निम्बी, पहाड़वास और बुचावास के खेतों में जाकर पटवारियों द्वारा किए जा रहे गिरदावरी कार्य को मौके पर देखा।

अटेली में आज लगेगा आधार कार्ड कैंप

मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निर्देशानुसार तीन अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे अटेली स्थित उनके कार्यालय में आधार कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में नया आधार कार्ड बनवाने के साथ आधार कार्ड में नाम ठीक करवाने, मोबाइल नंबर बदलवाने तथा फिंगरप्रिंट से संबंधित सुधार के कार्य किए जाएंगे। आधार कार्ड में नाम ठीक करवाने के लिए 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र, यदि उपलब्ध नहीं है तो जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा।



विधायक ने नेत्र जांच शिविर का किया शुभारंभ

महेंद्रगढ़। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गंगा देवी पांडेय आई अस्पताल में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर, ओल्ड नारनौल रोड पर आयोजित शिविर में क्षेत्रभर से पहुंचे लगभग 800 मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच की गई। शिविर का शुभारंभ विधायक कंवर सिंह यादव ने रिबन काटकर किया।

कार्य के चलते आज कई क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

नारनौल। 220 केवी पावर हाउस में 3 अक्टूबर को रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इसके चलते शहर की कई बिजली लाइनों की सप्लाई करीब साढ़े तीन घंटे बंद रहेगी। शहर के एसडीओ मोहम्मद अजहरूद्दीन ने बताया कि 11 केवी सिटी-2 हुडा लाइन, 11 केवी सिटी-1 लाइन, 11 केवी चांदूवाड़ा लाइन तथा मिनी सचिवालय लाइन की बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे से 11:30 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान शास्त्री नगर, शिव कॉलोनी, महेंद्रगढ़ रोड, एम्प्लाइज कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी, पुरानी सराय, शिवाजी नगर आदि में आपूर्ति ठप रहेगी।

भावांतर से पहले ही बेच दिया बाजरा, 1.47 करोड़ के लाभ से चुके किसान

एक अक्टूबर से लागू हुई सरकारी व्यवस्था, लेकिन सितंबर में ही आढ़तियों को बेच चुके थे 24,514 क्विंटल बाजरा, समय से पहले बिक्री के कारण नहीं भर सके जे फार्म

राजकुमार ▶▶| नारनौल

खेत में हल चलाने से लेकर फसल उगाने, काटने और मंडी तक पहुंचाने में किसान कोई कसर नहीं छोड़ता, लेकिन फसल बेचने का सही समय भी कमाई का बड़ा हिस्सा तय करता है। जिला महेंद्रगढ़ में बाजरे की बिक्री के मामले में कुछ ऐसा ही हुआ है। सरकार की भावांतर भरपाई योजना का लाभ लेने के लिए एक अक्टूबर से व्यवस्था लागू की गई, लेकिन जिले के सैकड़ों किसान इससे पहले ही अपनी बाजरे की फसल आढ़तियों को बेच चुके थे। सितंबर माह में किसानों ने जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में 24,514 क्विंटल बाजरा बेच दिया।



नारनौल। अनाज मंडी में बिक्री के लिए लाया गया किसान का बाजरा।

एक अक्टूबर से पहले बिक्री होने के कारण इन किसानों के जे फार्म जनरेट नहीं हो सके और वे सरकार की ओर से घोषित 600 रुपये प्रति क्विंटल भावांतर भरपाई के संभावित लाभ से वंचित रह गए।

इन 24,514 क्विंटल बाजरे पर 600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गणना की जाए तो किसानों को मिलने वाली भावांतर राशि करीब 1 करोड़ 47 लाख 8 हजार 400 रुपये बैठती है। हालांकि यह लाभ उन्हीं किसानों को मिलना था, जिनकी बिक्री निर्धारित सरकारी व्यवस्था के तहत दर्ज होती और जिनके जे फार्म ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से जनरेट होते हैं।

बता दें कि हरियाणा सरकार ने इस बार बाजरे की सरकारी खरीद के लिए 2900 रुपये प्रति क्विंटल का भाव निर्धारित किया है। इसके साथ ही मंडियों में सरकारी खरीद व्यवस्था एक अक्टूबर से लागू की गई। सरकार की योजना के तहत यदि पंजीकृत किसान अपनी फसल व्यापारी को बेचता है और बिक्री निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज होती है तो जे फार्म के आधार पर भावांतर भरपाई का लाभ दिया जाना है। उदाहरण के तौर पर यदि व्यापारी 2300 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से बाजरा खरीदता है तो निर्धारित शर्तों के अनुसार शेष 600 रुपये तक की भावांतर राशि सरकार की ओर से दी जानी है, लेकिन सितंबर में ही बाजरा बेच चुके किसानों के मामले में स्थिति अलग रही। एक सितंबर से 30 सितंबर तक ई-खरीद गेट पास की व्यवस्था लागू नहीं थी और ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से जे फार्म भी जनरेट नहीं हुए। ऐसे में समय से पहले अपनी फसल बेच चुके किसान इस व्यवस्था के दायरे में नहीं आ सके।

सितंबर में जिले की मंडियों में बाजरे का भाव करीब 2200 से 2310 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा। सैकड़ों किसानों ने इसी अवधि में अपनी उपज आढ़तियों को बेच दी। सरकारी खरीद और भावांतर व्यवस्था के लागू होने का इंतजार नहीं करने के कारण अब इन किसानों को घोषित भावांतर राशि का लाभ नहीं मिल सकेगा।

अटेली मंडी में सबसे अधिक बाजरा बिका

जिले की मंडियों में सितंबर के दौरान बाजरे की बिक्री के आंकड़ों पर नजर डालें तो अटेली मंडी में सबसे अधिक 19,872 क्विंटल बाजरा किसानों ने बेचा। इसके अलावा नारनौल मंडी में 2,859 क्विंटल, कनीना में 1,542 क्विंटल और महेंद्रगढ़ मंडी में 241 क्विंटल बाजरे की बिक्री दर्ज हुई। वहीं नांगल चौधरी और सतनाली मंडियों में सितंबर माह के दौरान किसानों ने बाजरा नहीं बेचा। इस प्रकार सबसे ज्यादा असर अटेली मंडी के किसानों पर पड़ा है। जिले में सितंबर माह में बिके कुल 24,514 क्विंटल बाजरे को 600 रुपये प्रति क्विंटल की भावांतर राशि से जोड़ने पर करीब 1.47 करोड़ रुपये की राशि बनती है।

यह कहती हैं मार्केट कमेटी सचिव

मार्केट कमेटी की सचिव नुकुल यादव ने बताया कि ई-खरीद पोर्टल से जारी गेट पास और ऑनलाइन ई-खरीद के माध्यम से बने जे फार्म के आधार पर ही योजना का लाभ मिल पाएगा। निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज बिक्री ही भावांतर योजना के लिए मान्य होगी। किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत होना भी जरूरी है।

1 अप्रैल से विद्यार्थियों को नहीं दिए टैब, 3500 शिक्षकों के पास, डाइट में 1600 खराब टैब, सिम आते ही वितरण का दावा...

स्कूलों में 16532 टैब, फिर भी 13192 बच्चों को डाटा सहित सिम का इंतजार

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

सरकारी स्कूलों के बच्चों को डिजिटल पढ़ाई से जोड़ने के लिए शुरू की गई टैबलेट योजना साकार होती नहीं दिखाई दे रही। स्कूलों में 16532 टैबलेट मौजूद है, इनमें करीब 80 प्रतिशत चालू हालत में भी है। करीब 3500 टैबलेट शिक्षकों के पास है जबकि कक्षा 10वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या 13192 है। इसके बावजूद एक अप्रैल से बच्चों को टैबलेट जारी नहीं किए गए है। अब विद्यार्थी डाटा सहित सिम आने का इंतजार कर रहे है। साफ तौर पर कहा जा सकता है कि विभाग की लापरवाही की वजह से बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। वैसे विभाग शिक्षकों को एआई के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के तरीके को सरल बनाने पर जोर दे रहा है। इसके संबंधित प्राथमिक शिक्षकों को एआई ट्रेनिंग देने के लिए शिक्षा विभाग बड़े स्तर पर योजना बना रहा है। इधर, बच्चों की अर्ध वार्षिक परीक्षा पूर्ण होने को जा रही है और अभी तक बच्चों को डाटा सिम का इन्तजार है। आपको बता दे टैबलेट योजना दसवीं से बाहरवीं तक के बच्चों को देने की है जिले में इन बच्चों की संख्या मौजूदा समय 13192 है।



एआई से ली गई तस्वीर।

साल 2022 में शुरू हुई थी योजना

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए पहली बार 5 मई 2022 को टैबलेट जारी किए गए थे। शुरुआत में बच्चों और अध्यापकों को कुल 20057 टैबलेट दिए गए थे। इसके बाद विद्यार्थियों को सिम के साथ टैबलेट दिए जाते रहे लेकिन 31 मार्च 2026 के बाद एक अप्रैल से बच्चों को टैबलेट जारी नहीं किए गए। यही वजह है कि नए सत्र में कक्षा 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को टैबलेट मिलने का इंतजार बना हुआ है। इसका बड़ा कारण ये है विभाग के पास डाटा सिम उपलब्ध नहीं है।

स्कूलों में टैब हैं लेकिन बच्चों के हाथ कब पहुंचेंगे?

जिले के स्कूलों में 16532 टैबलेट का रिकॉर्ड है। इनमें विभाग के आकड़ों के अनुसार करीब 80 प्रतिशत टैबलेट चालू हालत में बताए गए है। वहीं करीब 3500 टैब शिक्षकों के पास है। दूसरी तरफ कक्षा 10वीं से 12वीं में 13192 विद्यार्थी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब स्कूलों में टैबलेट उपलब्ध है तो विद्यार्थियों को इन्हें जारी करने में देरी क्यों हो रही है? हालांकि विभाग का कहना है कि डाटा सिम उपलब्ध होने का इन्तजार हो रहा है।

आंकड़े खुद बता रहे हैं तस्वीर

महेंद्रगढ़ में टैबलेट व्यवस्था	संख्या
स्कूलों में कुल टैबलेट	16532
चालू हालत में	करीब 80%
शिक्षकों के पास	करीब 3500
कक्षा 10वीं से 12वीं के विद्यार्थी	13192
डाइट महेंद्रगढ़ में खराब टैब	करीब 1600
डाइट में वर्किंग टैब रखे	करीब 450
पहली बार टैब जारी	5 मई 2022
पहली बार बच्चों व अध्यापकों को जारी टैब	20057

डाइट में 1600 खराब टैब

टैबलेट की खराबी भी योजना के सामने एक चुनौती है। डाइट कॉलेज महेंद्रगढ़ में करीब 1600 खराब टैबलेट रखे हुए है। वहीं कॉलेज में करीब 450 वर्किंग टैबलेट भी उपलब्ध बताए गए है। ख़राब होने का कारण यह हो सकता है कि टैबलेट खरीदे करीब चार वर्ष से अधिक हो गए है। इससे साफ है कि टैबलेट उपलब्ध होना और उनका विद्यार्थियों के उपयोग में होना दो अलग-अलग बातें है।

बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई में क्या फायदा?

टैबलेट के माध्यम से विद्यार्थी ऑनलाइन लेक्चर, डिजिटल पाठ्य सामग्री, ई कंटेंट, शैक्षणिक वीडियो, अभ्यास सामग्री, ऑनलाइन टेस्ट और विषय से संबंधित अन्य डिजिटल सामग्री का उपयोग कर सकते है।

घर में घर का नेटवर्क, स्कूल में स्कूल का नेटवर्क

विभाग की ओर से निर्देश है कि बच्चे स्कूल में स्कूल के नेटवर्क और घर पर घर के नेटवर्क से टैबलेट चलाकर ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते है। लेकिन जरूरी नहीं कि बच्चों के पास घर पर नेटवर्क उपलब्ध हो, ऐसे में बच्चें बिना नेटवर्क के घर कैसे पढ़ाई कर सकते है।

अब डाटा सिम का इंतजार

हरियाणा सरकार की हाई पावर्ड परचेज कमेटी की सात सितंबर को हुई बैठक में पांच लाख डेटा सिम कार्ड की खरीद को मंजूरी दी गई। सरकार के अनुसार इन सिम कार्ड के जरिए कक्षा 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को टैबलेट के साथ डेटा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। कमेटी ने कहा था कि सरकार गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी शिक्षा पर जोर दे रही है।

क्या कहते है जिला इंचार्ज

टैब डिस्ट्रीब्यूशन इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि बच्चों को टैब देने के आदेश है। फिलहाल डाटा सिम नहीं आई है। डाटा सिम आते ही बच्चों को उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चे स्कूल में स्कूल के वाई फाई और घर पर उपलब्ध वाई फाई के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते है।

क्या कहते है डीईओ

डीईओ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि अभी हमसे जिला में टैब की स्थिति की रिपोर्ट भी भेजी है। प्रदेश में कहीं भी टैब के लिए अभी डाटा सिम नहीं मिली है। यह उच्च अधिकारी लेवल का कार्य है। हालांकि अभी डाटा सिम मंजूरी की बात सामने आई है। उम्मीद है कि जल्द डाटा सिम मिल जाएगी और विद्यार्थी इन टैब का पूरी तरह से इस्तेमाल कर सकेंगे।



मंडी अटेली। अनाज मंडी में मिड डे मील कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

26 की महापंचायत में शामिल होंगे मिड-डे मील कार्यकर्ता

मंडी अटेली। मजदूर, कर्मचारी और स्कीम वर्कर्स की मांगों को लेकर 26 अक्टूबर को नांदल भवन बोहर रोहतक में आयोजित होने वाली किसान-मजदूर-छात्र-युवा एवं महिला महापंचायत में शामिल होंगे। इसके लिए शुक्रवार को मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा की अटेली इकाई की बैठक अनाज मंडी में हुई। बैठक की अध्यक्षता ऊषा ने की, जबकि संचालन पूर्व जिला प्रधान बिमला ने किया। बैठक को एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह और मिड-डे मील कार्यकर्ता यूनियन की अटेली ब्लॉक सचिव मनीषा ने संबोधित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले से मिड-डे मील कुक-कम-हेल्पर्स भी महापंचायत में भाग लेंगे। बैठक में बिमला, पिस्ता, सविता, सरोज, समरजीत, पिंकी, मदनी, राजबाला, रेवती, संतोष, इंद्रवती, रीना, कमला, सुशीला, कौशल्या, किरण, शर्मिला, बीना और प्रेमलता सहित बड़ी संख्या में मिड-डे मील कार्यकर्ता एवं कुक-कम-हेल्पर्स मौजूद रहे।

- नांदल भवन बोहर रोहतक में आयोजित होने वाली किसान-मजदूर महापंचायत को मंथन

12.80 करोड़ की लागत से बनेगा वाटर स्टोरेज टैंक, जलभराव से मिलेगी राहत

महेंद्रगढ़। शहर को बरसाती पानी के जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विधायक कंवर सिंह यादव ने खेल स्टेडियम के नजदीक जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से 12 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाले वाटर स्टोरेज टैंक का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस परियोजना के पूरा होने से बरसात के मौसम में पुराने नारनौल रोड पर होने वाले जलभराव की समस्या से आमजन को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। विशेष रूप से पुराने नारनौल रोड पर बरसाती पानी जमा होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए हरियाणा सरकार द्वारा वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण करवाया जा रहा है। इस टैंक में बरसात के दौरान एकत्रित होने वाले पानी को मशीनों की सहायता से दोहन नदी में भेजा जाएगा। इससे बारिश के पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी और सड़क पर पानी जमा होने की समस्या में कमी आएगी।



महेंद्रगढ़। नारियल फोड़कर शुभारंभ करते हुए।

कानून व्यवस्था बिगाड़ने पर सख्त कार्रवाई का अल्टीमेटम

किन्नरों के बीच मारपीट व फायरिंग के आरोपों को पुलिस ने नकारा

- नांगल पीपा और छापड़ा बीबीपुर के ग्रामीणों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

छापड़ा बीबीपुर में बधाई मांगने को लेकर दो किन्नर गुट में मारपीट व फायरिंग होने की शिकायत नांगल चौधरी थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच करने के लिए पुलिस ने नांगल पीपा व छापड़ा बीबीपुर के ग्रामीणों ने पूछताछ की। जिन्होंने शिकायतकर्ता किन्नरों के आरोपों को खारिज कर दिया। जांच रिपार्ट को डीएसपी कार्यालय में भेज दिया गया, जहां दोनों पक्षों को सोमवार सुबह तलब किया गया है। शिकायतकर्ता महक किन्नर के अनुसार वह अपने साथियों के साथ गांव में बधाई मांगने गई थीं। इसी दौरान अन्य किन्नरों का एक अन्य दल वहां पहुंचा। जिन्होंने लाठी, डंडा व पिस्तोल की मदद से जानलेवा हमला किया है। शिकायत में नामजद किन्नरों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है। शिकायत मिलने के बाद नांगल चौधरी पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाने के लिए मौके पर पहुंचकर जांच की।



नांगल चौधरी। झूठी शिकायतों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा दूसरा किन्नर गुट। फोटो : हरिभूमि

रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी

इस संदर्भ में थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि बीती देर शाम महक किन्नर गुट में मारपीट व अन्य संगीन आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान सभी आरोप निराधार साबित हुए हैं, रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

खेलों से युवाओं में अनुशासन व टीम भावना होती है विकसित : संतोष यादव



मंडी अटेली। गांव सलीमपुर में शुक्रवार को वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता माजरी धाम के संत सुमित गिरी महाराज ने की। इस मौके पर संतोष यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजक अश्वनी यादव और उनकी टीम को बधाई दी तथा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर रत्तीराम, वेद प्रधान, हवा सिंह, रामनिवास, जसवंत प्रधान, ओमप्रकाश, कुबेर सिंह, राजकुमार, जय सिंह, राजा राम, सुनील और हंसराज सहित अन्य मौजूद रहे।

सुरक्षा का सवाल | एसपी की व्यापारियों, दुकानदारों, निजी संस्थानों व घरेलू नियोक्ताओं से अपील

पहचान व पते का सत्यापन सुरक्षा के लिए जरूरी

कर्मचारियों का पूरा रिकॉर्ड रखें, संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस को दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने व्यापारियों, दुकानदारों, निजी एवं व्यावसायिक संस्थानों के संचालकों तथा घरों में घरेलू कर्मचारी रखने वाले नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपने यहां कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी और कामगार का पूरा एवं अद्यतन रिकॉर्ड रखना नियोक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कर्मचारी की सही पहचान, पता और संपर्क संबंधी जानकारी उपलब्ध होने से न केवल प्रतिष्ठान और परिवार की सुरक्षा मजबूत होती है, बल्कि किसी आपराधिक घटना की जांच में पुलिस को भी महत्वपूर्ण मदद मिलती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रोजगार की तलाश में विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शहर और आसपास के क्षेत्रों में आते हैं। इनमें से अधिकांश लोग मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने के उद्देश्य से रोजगार प्राप्त करते हैं। ऐसे लोग दुकानों, गोदामों, वर्कशॉप, होटल-ढाबों, कार्यालयों, निजी संस्थानों तथा घरों में घरेलू सहायक, चालक, सुरक्षा कर्मी और अन्य कार्यों में नियुक्त होते हैं। उन्होंने नियोक्ताओं से कहा कि कर्मचारी का पूरा नाम, स्थायी पता, वर्तमान पता, मोबाइल नंबर, पहचान संबंधी दस्तावेज का विवरण, आपातकालीन संपर्क नंबर और नौकरी शुरू करने की तारीख आदि जानकारी जरूरी हैं।



दीपक कुमार, एसपी

रिकॉर्ड केवल कागजी औपचारिकता न समझें

एसपी ने कहा कि कर्मचारी का रिकॉर्ड केवल कागजी औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे नियमित रूप से अपडेट भी करते रहें। कर्मचारी के मोबाइल नंबर, पते या अन्य महत्वपूर्ण जानकारी में बदलाव होने पर रिकॉर्ड में तत्काल संशोधन किया जाए। साथ ही, कर्मचारियों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखा जाए और उसका उपयोग केवल वैध एवं आवश्यक उद्देश्य के लिए किया जाए।

संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को बताएं

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी की गतिविधियां संदिग्ध नजर आएं, वह अपनी पहचान या पते के संबंध में विरोधाभासी जानकारी दे, बार-बार जानकारी छिपाने का प्रयास करे अथवा किसी गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त होने का संदेह हो तो नियोक्ता स्वयं कार्रवाई करने के बजाय इसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या संबंधित पुलिस इकाई को दें। उन्होंने कहा कि किसी अपराध में जानबूझकर सहयोग करने, अपराधी को संरक्षण देने, महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने अथवा कानून के तहत आवश्यक सहयोग नहीं करने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्रचलित कानून के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन



एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग

में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल' से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।



एमआर स्कूल अटेली में पीटीएम

नारनौल। एमआर पब्लिक स्कूल अटेली में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम को लेकर अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम एवं शैक्षणिक प्रगति के बारे में शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर नियमित ध्यान देने तथा शिक्षकों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया। चेयरमैन सियाराम यादव ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों का आपसी सहयोग बहुत आवश्यक है।

सुबह नौ बजे शुरू हुआ सत्याग्रह

एक दिवसीय भूख हड़ताल में शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने उठाई मांगें

शिक्षकों का टीईटी-एचटीईटी की शर्त के विरोध में सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की ओर से शुक्रवार को सुभाष चंद्र बोस पार्क के गेट पर एक दिवसीय भूख हड़ताल एवं सत्याग्रह किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, संबंधित सर्व कर्मचारी संघ तथा स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान मास्टर अमीलाल गुर्जर ने की, जबकि संचालन जिला सचिव सुरेंद्र कुमार ने किया। सुबह नौ बजे शुरू हुए सत्याग्रह में जिला प्रधान अमीलाल गुर्जर सहित अंजू देवी, दलीप सिंह, सुरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, सुमन देवी, जाग्रति परवीन, ज्योति, ईश्वर सिंह, सुरेश कुमार, मुनेश, शर्मिला और वीना सहित अन्य शिक्षक अनशन पर बैठे। धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान अमीलाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षकों के लिए टीईटी/एचटीईटी की शर्त को लेकर शिक्षक संगठनों में रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संदर्भ में शिक्षकों पर यह शर्त लागू की जा रही है। संगठन का कहना है कि निर्धारित समय में परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने वाले शिक्षकों की सेवा को लेकर स्थिति कठिन हो सकती है। मांग की कि वर्षों से सेवाएं दे रहे अध्यापकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए। कहा कि शिक्षक संगठन अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के समक्ष रख रहे हैं। यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाएगा।



नारनौल। जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते हुए। फोटो : हरिभूमि

यह बोले कर्मचारी नेता

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य सचिव धर्मपाल शर्मा ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कर्मचारियों एवं शिक्षकों से भविष्य में आने वाली नीतियों को लेकर सजग रहने की अपील की। उन्होंने अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण सहित कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों का भी उल्लेख किया। उनका कहना था कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे और निर्धारित योग्यताएं पूरी करने वाले कर्मचारियों के हितों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

इन्होंने लिया भाग

इस दौरान अनुबंधित अध्यापक संघ के जिला प्रधान सुरेश शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान कौशल यादव, पूर्व राज्य सचिव महेंद्र बोयत, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान घनश्याम दास शर्मा तथा सीटू के राज्य सचिव रोहतास गोठवाल ने भी विचार रखे और हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की मांगों के समर्थन की बात कही। सत्याग्रह में सुमर सिंह यादव, सुरेश कुमार शर्मा, सुरेश यादव, इंद्र कुमार प्राचार्य, सतीश कुमार, राजपाल, धर्मेंद्र शास्त्री, दयाराम यादव, रामावतार सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

जिला महेन्द्रगढ़ की सभी 343 पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं के कार्यक्रम में बताई योजनाएं

जल जीवन मिशन, बाल विवाह उन्मूलन व ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर विस्तार से मंथन

सतनाली खंड के महाग्राम योजना में शामिल होने के कारण विशेष महा ग्राम सभा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग के निर्देशानुसार शुक्रवार को को जिला महेन्द्रगढ़ की सभी 343 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम सभाओं का आयोजन संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच की अध्यक्षता में किया गया।

सतनाली खंड के महाग्राम योजना में शामिल होने के कारण विशेष महा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सरपंच मनीषा देवी की अध्यक्षता में हुई इस ग्राम सभा में मुख्य अतिथि अमित जैन, कार्यकारी अभियंता, विशिष्ठ अतिथि जिला सलाहकार मंगतु राम सरसवा, सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल, जेई कुणाल, ग्राम सचिव मनीष, सभी पंच, कैलाश, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नलकूप चालक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सुझाव लिए। विशेष ग्राम सभाओं में जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत 'जल अर्पण' कार्यक्रम को विशेष रूप से शामिल किया गया। जिला महेन्द्रगढ़ की सिंगल विलेज स्कीम में शामिल 18 ग्राम पंचायतों में भी आज जल अर्पण कार्यक्रम पूर्ण किया गया। इनमें अटेली खंड की नांगल, नीरपुर राजपूत एवं पृथ्वीपुरा, कनीना खंड की बाघोत, महेन्द्रगढ़ खंड की रीवासा, सिसोठ, गुलावला, खेड़की, आकोदा, खैरोली, नांगल सिरोही, बसई, कुराहवटा व पाली, नारनौल खंड की महरमपुर एवं कांवी, सिहमा खंड की छापड़ा सलीमपुर व दौंगड़ा जाट ग्राम पंचायतें शामिल हैं।



नारनौल। ग्राम सभा में उपस्थित अधिकारी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

पेयजल व सीवर समस्याओं का होगा समाधान

कार्यकारी अभियंता अमित जैन ने कहा कि सतनाली गांव के लिए 79 लाख रुपये के अनुमानित लागत से तीन नए टूबवेल, 1150 लाख कि अनुमानित लागत से एक बुस्टिंग स्टेशन लगभग 35 किलोमीटर की पाइपलाइन के लिए एस्टीमेट हैड ऑफिस मंजूर हेतु भेज रखा है। इसके अलावा घरेलू सीवर कनेक्शन के लिए लगभग 112 लाख रुपये की अनुमानित लागत से 2500 घरों के लिए एस्टीमेट प्रोपोज किया गया है। सरकार द्वारा मंजूरी मिलते ही इंसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिससे सतनाली में पेयजल व सीवर संबंधित समस्याओं का समाधान होगा।

बजट 2026-27 के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

ग्राम सभाओं में बजट 2026-27 से जुड़े महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इनमें गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति, गंदे पानी की निकासी एवं प्रबंधन, अमृत सरोवर से संबंधित कार्य, गांव में नशे की स्थिति, सामाजिक पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन, स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन, सरकारी भवनों के रख-रखाव तथा ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज विकास कार्यों की समीक्षा जैसे विषय प्रमुख रहे।

बाल विवाह मुक्त गांव बनाने का संकल्प

बाल विवाह मुक्त गांव अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के समन्वय से यह सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई कि गांव में बाल विवाह की कोई घटना न हो। इसके लिए ग्राम सभा में बाल विवाह मुक्त गांव बनाने के लिए सामूहिक संकल्प लेने तथा आवश्यक घोषणा/प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। ग्राम सभाओं में परिवार पहचान पत्र से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। नागरिक संसाधन सूचना विभाग के समन्वय से परिवार पहचान पत्र में दर्ज पारिवारिक विवरण एवं अन्य जानकारी की जांच, पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने, आवश्यक सुधार करने तथा पात्र लाभार्थियों के डेटा का सत्यापन करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

अग्रवाल वैश्य समाज ने किया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन

नारनौल। अग्रवाल वैश्य समाज जिला इकाई की ओर से महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर परिषद में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला के नेतृत्वमें आयोजित किया गया। संदीप नूनीवाला ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वदेशी का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गर्ग, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल काश्मीर, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र बंसल, जिला कानूनी सलाहकार राजकुमार चौधरी एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष नीता गुप्ता, जिला महिला अध्यक्ष रचना अग्रवाल, जिला महिला महासचिव मधु गोयल, जिला युवा महासचिव यश बंसल, दीपेश गर्ग, योगेश गोयल आदि मौजूद रहे।



न्यूज डायरी



सेठ गुलजारीमल की सेवा परंपरा को आगे बढ़ा रहा चैरिटेबल ट्रस्ट

महेंद्रगढ़। समाजसेवा की विरासत जब अगली पीढ़ी के संकल्प से जुड़ती है तो सेवा केवल स्मृति नहीं रहती, बल्कि एक सतत अभियान का रूप ले लेती है। इसी भावना को साकार करते हुए स्वर्गीय सेठ गुलजारीमल आकोदा वाले की 44वीं पुण्यतिथि एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सेठ गुलजारीमल चैरिटेबल ट्रस्ट आकोदा की ओर से गांव आकोदा में विशाल निःशुल्क मेडिकल जांच एवं दवा वितरण शिविर हुआ। शिविर में 104 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गईं। कार्यक्रम में रणधीर सिंह आदलपुर, महेंद्र सिंह चोटीवाला, साहिल, कमल गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता, रामशरण यादव, बुधराम, लाल सिंह आदि रहे।

आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम के दूसरे दिन महिलाओं को किया जागरूक

मंडी अटेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत सिहमा में आयोजित तीन दिवसीय आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम के दूसरे दिन महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुपरवाइजर पूजा यादव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान छोटे बच्चों का वजन किया गया और उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति की जानकारी दी गई। इस मौके पर सुपरवाइजर पूजा यादव ने बताया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास की मजबूत नींव रखी जाती है।



सेवा संकल्प अभियान के तहत कनीना में पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

कनीना। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पालिका में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान की अगुवाई करते हुए नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने पालिका स्टाफ, पार्षदों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर कनीना मंडी टी प्वाइंट से लेकर अंबेडकर चौक तक पौधारोपण किया और स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर स्वच्छता का संदेश दिया।



एचपीएस में शिक्षक-अभिभावक समागम

नारनौल। हरियाणा पब्लिक स्कूल में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक प्रगति पर सार्थक विचार-विमर्श करना रहा। बैठक के दौरान अध्यापकों ने अभिभावकों के साथ प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट साझा की। प्राचार्य सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न होकर व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है और जब शिक्षक व अभिभावक मिलकर कार्य करते हैं, तो बच्चे की सफलता का मार्ग स्वतः ही प्रशस्त हो जाता है। डीन मनोज भारद्वाज ने संवाद की निरंतरता पर बल देते हुए कहा कि प्रारंभिक कक्षाएं बच्चों की नींव गढ़ने का समय होती हैं।



राजकीय पशु अस्पताल डुलाना में किया पौधरोपण

महेंद्रगढ़। गांव डुलाना में नवनिर्मित राजकीय पशु अस्पताल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। पौधरोपण का शुभारंभ पशु चिकित्सक डॉ. प्रदीप, सरपंच प्रतिनिधि डॉ. धर्मेन्द्र यादव, शेखर, पंच राजेश कुमार, जितेन्द्र और संजीव ने अस्पताल परिसर में 21 पौधे लगाकर किया। सरपंच प्रतिनिधि डॉ. धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। पेड़-पौधे हमें शुद्ध हवा देते हैं और पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।



खबर संक्षेप

दादरी डिपो की एक बस रुकेगी भोजावास

नारनौल डिपो के साथ-साथ अब दादरी डिपो की भी एक बस भोजावास बस स्टैंड पर रूकेगी। इस बारे में पवन दौंगली ने बताया कि दादरी डिपो की जयपुर से चरखी दादरी के लिए शाम पांच बजे चलने वाली बस अब भोजावास बस स्टैंड पर रूकेगी। इससे जयपुर से शाम के समय आने वाले लोगों को भोजावास बस स्टैंड पर उतरने के लिए बस की सुविधा का लाभ मिलेगा।

भगवान ने बकासुर-अघासुर का भी उद्धार किया

महेंद्रगढ़। श्री सतगुरू सेवा समिति के तत्वाधान में कमला भवन धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान पांचवे दिन स्वामी रामप्रपन्नाचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की सुंदर अमृत वर्षा की। महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ को मानव मात्र को सहज ही सुख प्रदान करने वाली बताई है।

माजरा खुर्द में ट्यूबवेल से केबल चोरी

महेंद्रगढ़। गांव माजरा खुर्द में किसानों के ट्यूबवेल से केबल और स्टार्टर चोरी होने के मामले में उचित पुलिस कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित किसान शुक्रवार को शहरी थाना प्रभारी से मिले और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई। किसान अजीत, वेदप्रकाश, उमेद, महेंद्र, दिनेश और बलवंत ने गत 17 सितंबर को ट्यूबवेल से केबल चोरी होने के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

श्रीनगर में तैनात सीआरपीएफ इंस्पेक्टर मनोज कुमार का निधन



नारनौल। गोद गांव निवासी सीआरपीएफ इंस्पेक्टर जीडी मनोज कुमार का निधन हो गया। वे सीआरपीएफ की 144वीं बटालियन में तैनात थे और श्रीनगर में ड्यूटी कर रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही गोद गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन, ग्रामीण और परिचित उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। मनोज कुमार का जन्म 10 अक्टूबर 1976 को गोद गांव के सैनिक परिवार में भगवान सिंह के घर हुआ था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त की तथा कृष्णनगर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 2001 में ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ कादरपुर, गुरुग्राम से भर्ती होकर उन्होंने देशसेवा का सफर शुरू किया। करीब 25 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और इंस्पेक्टर जीडी के पद तक पहुंचे। मनोज कुमार अपने पीछे पत्नी सुमन और पांच बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। उनकी बड़ी बेटी सिमरन (22) बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही है। बेटी महक (16) 10वीं कक्षा में पढ़ रही है। जुड़वां बेटियां तनिष्का और नुशंका पांचवीं कक्षा की छात्राएं हैं, जबकि सबसे छोटा बेटा दीवित (छह) पहली कक्षा में पढ़ रहा है। मनोज कुमार बच्चों की पढ़ाई और परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के साथ देशसेवा में भी समर्पित रहे। परिजनों के अनुसार श्रीनगर में ड्यूटी के दौरान मनोज कुमार के बहनोई का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। इसके बाद वे पांच दिन की छुट्टी लेकर गांव आए थे। छुट्टी पूरी होने के बाद चार सितंबर को वे वापस श्रीनगर ड्यूटी पर लौट गए थे।

सीमा के प्रहरी के द्वार पहुंचा समाज

नारनौल। राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले सैनिकों के प्रति समाज की कृतज्ञता को व्यवहार में उतारने की अनूठी पहल राष्ट्र ऋण अभियान का शुभारंभ गांव अकबरपुर से किया गया। ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से शुरू किए गए इस अभियान के अंतर्गत हाल ही में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटे जाट रेजिमेंट के सूबेदार उम्मेद सिंह के घर पहुंचकर ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनकी राष्ट्रसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अभियान का शुभारंभ प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व ग्राम पंचायत अकबरपुर के सरपंच शमशेर सिंह ने किया। इस मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान भीमसेन शर्मा, नरोत्तम सोनी, महिपाल सिंह, चौधरी देवी सिंह मौजूद रहे।

गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम

नारनौल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार खादी ग्रामोद्योग संस्थान में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा खादी एवं ग्रामोद्योग के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक संजय बांगर एवं सचिव बलवंत सिंह सहित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी जी के जीवन, उनके संघर्ष तथा देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने स्वदेशी, स्वावलंबन और ग्राम स्वराज की अवधारणा को बढ़ावा दिया, जिनसे प्रेरणा लेकर खादी एवं ग्रामोद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित ओमप्रकाश, परमानन्द, आनन्द, नेतराम, रामनिवास आदि ने गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा स्वच्छ, आत्मनिर्भर एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

देश की आजादी में राष्ट्रपिता का योगदान बताया

महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के बल पर अंग्रेज हुए थे नतमस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत तथा लाल बहादुर शास्त्री का जय जवान, जय किसान का नारा आज के समय में भी बेहद प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इन महान नायकों के बताए रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। छात्रों से जीवन में अनुशासन बनाए रखने और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देने की अपील की।



नारनौल। गांधी व शास्त्री को नमन करते प्रधानाचार्य। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस मौके पर वर्ग अनुदेशक संदीप, अमित, राजेश, मनीषा यादव, अनुराग, संतोष, नीरज यादव, संदीप, शक्ति, मुकेश, मनदीप आदि मौजूद थे।

नैतिक मूल्यों के समावेश पर विशेष बल दिया

इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी मेजर वीरेंद्र सेकवाल ने युवाओं में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के समावेश पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए कुशल कारीगरों के साथ-साथ चरित्रवान और नैतिक रूप से सुदृढ़ नागरिकों का होना बेहद आवश्यक है। संस्थान परिसर में एक विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस अभियान के दौरान स्टाफ सदस्यों और शिक्षार्थियों ने मिलकर न केवल परिसर की सफाई की, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उनमें देशभक्ति का जज्बा जगाने के उद्देश्य से भाषण एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। प्रतियोगिता में शिक्षार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके बाद विजेता प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया।

नांगल चौधरी में दुष्यंत चौटाला का दौरा 10 को

नारनौल। जननायक जनता पार्टी कार्यालय में प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक नांगल चौधरी हलका प्रधान प्रमोद ताखर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जिला प्रधान राजकुमार खातोद मुख्य अतिथि रहे। बैठक में 10 अक्टूबर को पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला के नांगल चौधरी हल्के के दौरे को लेकर तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमोद ताखर व जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने बताया कि 10 अक्टूबर को पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नांगल चौधरी हलके के नौ गांवों में पहुंचकर नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित करेंगे और ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला के गांव-गांव जनसंपर्क कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। जेजेपी नेता जनता के बीच पहुंचकर बीजेपी सरकार की नीतियों और स्थानीय स्तर पर किए गए दावों का हिसाब मांगेंगे। वहीं कांग्रेस की भूमिका और उसके राजनीतिक दावों पर भी सवाल उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दुष्यंत चौटाला 10 अक्टूबर सुबह 10 बजे गहली, 11 बजे टहला, 12 बजे छिलरो, दोपहर एक बजे धौलेड़ा, दो बजे धौखेरा, तीन बजे अकबरपुर, चार बजे भोजवास, पांच बजे कालबा, छह बजे बूढ़वाल का दौरा करेंगे।

कार्यालय मुख्याध्यापक रा.मा. वि. ढाणा सतनाली (म.गढ़)
नीलामी सूचना
राजकीय माध्यमिक विद्यालय ढाणा सतनाली, जिला महेन्द्रगढ़ के स्कूल प्रांगण में दिनांक 09.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे जर्जर भवन को हटाने और उसके सामान की खुली बोली लगाई जाएगी। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। स्कूल की एसएमसी का निर्णय अन्तिम होगा।
हस्ता/- अध्यक्ष / सचिव
स्कूल प्रबंधक समिति
राजकीय माध्यमिक विद्यालय
ढाणा सतनाली (4683)

अधूरे कॉपर डिस्पेंसर सेट भेजने पर जिओमार्ट को राशि लौटाने के आदेश

उपभोक्ता आयोग ने 13,596 रुपये 7 % ब्याज समेत लौटाने को कहा, मानसिक परेशानी व मुकदमा खर्च के भी देने होंगे 10 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग नारनौल ने ऑनलाइन खरीदारी से जुड़े एक मामले में जिओमार्ट और संबंधित विक्रेता को उपभोक्ता को राशि लौटाने के आदेश दिए हैं। आयोग ने उत्पाद की कीमत 13,596 रुपये 7 % वार्षिक ब्याज सहित वापस करने के साथ मानसिक परेशानी के लिए 5 हजार रुपये और मुकदमे के खर्च के तौर पर 5 हजार रुपये देने के निर्देश दिए हैं। आदेश की पालना आदेश की प्रति प्राप्त होने के 45 दिन के भीतर करनी होगी। मामला हुडा सेक्टर-1 नारनौल निवासी हार्दिक गर्ग की ओर से दायर उपभोक्ता शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, नवंबर 2024 में हार्दिक ने एक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए जिओमार्ट के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से कॉपर वाटर डिस्पेंसर सेट खरीदने का ऑर्डर दिया था। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्पाद को जी कॉपर 5एल हामरेड कॉपर वाटर डिस्पेंसर पॉट सेट विद कॉपर ग्लास विद स्टैंड के नाम से प्रदर्शित किया गया था। इसमें कॉपर डिस्पेंसर के साथ कॉपर ग्लास और स्टैंड शामिल होने की जानकारी दी गई थी।

27 सेट का दिया था ऑर्डर, कई में नहीं मिले जरूरी सामान

शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन उपलब्ध जानकारी के आधार पर ऐसे 27 सेट का ऑर्डर किया। सामान की डिलीवरी होने के बाद उन्होंने पाया कि कई सेट अधूरे थे। शिकायत के अनुसार, इन सेटों में कॉपर ग्लास और स्टैंड समेत कुछ जरूरी सामान मौजूद नहीं था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने जिओमार्ट से सामान वापस लेने और राशि लौटाने की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने कई बार संपर्क कर समस्या के समाधान का प्रयास किया, लेकिन उनकी शिकायत का संतोषजनक समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में शिकायत दायर की।

नोटिस के बावजूद पक्षकार आयोग में नहीं हुए पेश

आयोग के रिकॉर्ड के अनुसार, शिकायत 10 सितंबर 2025 को दायर की गई थी। आयोग की ओर से जिओमार्ट और संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए गए, लेकिन उनके प्रतिनिधि आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। आयोग ने शिकायतकर्ता की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद मामले पर निर्णय दिया। आयोग के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्पाद के साथ जिन वस्तुओं को शामिल बताया गया था, वे उपभोक्ता को उपलब्ध कराई जानी थीं। शिकायतकर्ता की ओर से रिफंड की मांग किए जाने के बावजूद समाधान नहीं किया गया।

45 दिन में करनी होगी आदेश की पालना

आयोग के सदस्य डीएम यादव ने आदेश में जिओमार्ट और संबंधित पक्षों को 13,596 रुपये की राशि 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त मानसिक परेशानी के लिए 5 हजार रुपये तथा मुकदमे के खर्च के लिए 5 हजार रुपये अलग से देने होंगे। इस प्रकार ब्याज के अतिरिक्त 10 हजार रुपये का भुगतान भी करना होगा। आयोग ने आदेश की पालना के लिए 45 दिन की अवधि निर्धारित की है। निर्धारित अवधि में आदेश की पालना नहीं होने पर शिकायतकर्ता उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत आगे कार्रवाई के लिए आवेदन कर सकता है।

न्यूज डायरी

राव सुल्तान स्कूल में मनाई लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी जयंती



महेंद्रगढ़। राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में भारत के दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी जयंती मनाई गई। संस्थान निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव, प्राचार्य राजकुमार शर्मा, उप प्राचार्य रामकुमार ने दोनों महान विभूतियों को माल्यार्पण व चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय में अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह भी हुआ। एडवोकेट सतपाल यादव ने विद्यालय में पहुंचने पर सभी अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन सुषमा यादव, किड्स हेड स्नेहलता, कर्ण सिंह निम्बल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

सैनी सभा में मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

नारनौल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सैनी सभा के प्रांगण में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनी सभा के प्रधान हरीश सैनी एडवोकेट ने की। इस अवसर पर सभा मैनेजमेंट के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभा प्रधान हरीश सैनी एडवोकेट ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महान नेताओं ने देश की स्वतंत्रता, एकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर सभा के उप प्रधान अरुण सैनी, रामचन्द्र सैनी, संचार सह सचिव मदनलाल, शिक्षा सलाहकार बलवंत सिंह, लीगल एडवाइजर विजय सैनी एडवोकेट, कार्यकारिणी सदस्य रामनरेश उर्फ भीम, मुकेश कुमार एवं शिक्षक पन्ना लाल सहित सभा के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

एशियन गेम्स स्वर्ण पदक विजेता परवीन हुड्डा के सम्मान में बांटे लड्डू



नारनौल। विजन यूथ क्लब के तत्वावधान में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली मुक्केबाज परवीन हुड्डा की जीत की खुशी में लड्डू बांटकर नारी शक्ति का वंदन किया गया। क्लब सदस्यों और ग्रामीणों ने परवीन की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। एडवोकेट विकास लाठर ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता परवीन हुड्डा उनकी मौसी की बेटी हैं। उन्होंने बताया कि परवीन ने महज 11 वर्ष की आयु से ही बॉक्सिंग खेलना शुरू कर दिया था। वर्ष 2022 के एशियन गेम्स में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया था। अब वर्ष 2026 के एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपना सपना पूरा करने के साथ देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

यदुवंशी का एमएससी फिजिक्स के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन

महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी फिजिक्स के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने टॉप 10 सूची में पांच स्थानों पर शानदार प्रदर्शन कर यदुवंशी कॉलेज का नाम रोशन किया है। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार यदुवंशी कॉलेज की छात्रा नीतू पुत्री सोमदत्त ने विश्वविद्यालय में चौथा स्थान, खुशी पुत्री सुरेश ने पांचवा, मानसी बलवान पुत्री प्रवीण बालवान ने छठा स्थान, अलका ढिल्लों पुत्री रविंद्र ने सातवां स्थान तो वहीं ज्योति पुत्री रामानंद ने आठवां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। विद्यार्थियों को इस सफलता पर यदुवंशी संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बधाई दी है। संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, सीईओ तनीष राव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने भी बधाई दी है।

सवर्ण समाज एकता मंच यूजीसी, एससी-एसटी एक्ट के मुद्दों पर 15 अक्टूबर को करेगा प्रदर्शन



नारनौल। सवर्ण समाज एकता मंच की जिला महेंद्रगढ़ की बैठक शुक्रवार को मोहल्ला चौधरियान स्थित श्री गौड़ ब्राह्मण सभा में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान एवं अधिवक्ता राकेश मेहता ने की। बैठक की शुरूआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित करने तथा गायत्री मंत्र के साथ हुई। मंच संचालन खेमचंद शर्मा ने किया। बैठक में यूजीसी, एससी-एसटी एक्ट और जातिगत आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिवक्ता राकेश मेहता ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गौड़ ब्राह्मण सभा से प्रदर्शन शुरू होगा।

सेवा व समर्पण ही समाज की सच्ची शक्तिः एडवोकेट राकेश शर्मा

नारनौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत अंध विद्यालय में सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे ने की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया तथा विद्यार्थियों को फल वितरित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी, जिला महामंत्री किशनलाल बोहरा, जिला मंत्री मनीष संघी ने अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में हमेशा सेवा को प्राथमिकता दी है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जोगिंद्र राजपूत, जिला मंत्री सपना गुप्ता, सरोज बाला, मंजू सोनी, सरोज कश्यप, रमेश जांगिड़, महेश सैनी, लखन अग्रवाल, जगदीश दीवान, धीरज आदि मौजूद रहे।

नगर पार्षद ने प्रतिमा स्थलों की स्वच्छता पर दिया विशेष ध्यान



नारनौल। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश आईटी सहप्रमुख एवं नगर पार्षद सिकन्दर कुमार के नेतृत्व में सेवा संकल्प अभियान के तहत समाज के महापुरुषों भगवान परशुराम, महर्षि वाल्मीकि, डॉ. भीमराव अंबेडकर, अजमीढ़ जी महाराज और संत शिरोमणि सैन महाराज जैसे महान विभूतियों की प्रतिमा स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई के बाद पुष्पमाला पहनाकर माल्यार्पण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे एक माह के लिए चलाए जा रहा है। यह अभियान इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि यह पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन में लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने जगदेव यादव



कनीना। हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के लिए संगठनात्मक दृष्टि से दो अक्टूबर का दिन महत्वपूर्ण रहा। राज इंटरनेशनल स्कूल रेवाड़ी में आयोजित प्रदेश स्तरीय चुनावी बैठक में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के चेयरमैन जगदेव यादव को हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया है। चयन की घोषणा होते ही उपस्थित विद्यालय संचालकों व शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। बता दें कि जगदेव यादव का शिक्षा एवं संगठन के क्षेत्र में लंबे समय से उल्लेखनीय योगदान रहा है। विद्यालय संचालकों के हितों को मजबूती से उठाएंगे।

खबर संक्षेप

एसडी स्कूल के छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

कनीना। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए दो दिन और तीन रात के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया है। जिसके अंतर्गत विद्यालय के सीईओ आरएस यादव ने विद्यार्थियों के दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। शैक्षणिक यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक स्थलों का चयन किया गया है।

महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी को किया नमन

महेंद्रगढ़। सत्य और अहिंसा के पूजक, स्वच्छता के प्रणेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं ''जय जवान, जय किसान'' का अमर नारा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम हुआ। इस दौरान नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी एवं अन्य कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद किया

मंडी अटेली। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर अटेली में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह द्वारा सम्मेलन की अध्यक्षता की गई। वहीं राजस्थान के मुंडावर से विधायक ललित यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

नारनौल समेत जिले की छह मंडियों में खरीद व्यवस्था पर उठे सवाल

दूसरे दिन भी नहीं खरीदा गया बाजरे का एक भी दाना, किसान निराश

- जिले में बाजरे के सैंपल चेक करने वाली मशीन तक है खराब, खरीद एजेंसी बोली उच्चाधिकारी हैं अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। मंडी में बिक्री के लिए पहुंचा बाजरा। फोटो : हरिभूमि

जिलेभर की मंडियों में खरीद के दूसरे दिन भी बाजरे का एक भी दाना सरकारी रेट पर नहीं खरीदा गया। खरीद में कमाल की बात यह देखने को आई कि बाजरे का सैंपल चेक करने वाली मशीन ही खराब है। जो सैंपल लिए जाते हैं, उन्हें रेवाड़ी भेजकर चेक कराने की बात कही तो जाती है, लेकिन सैंपल भेज ही नहीं जा रहे। ऐसे हालातों में बाजरे की सरकारी खरीद चालू होने पर सवालिया निशान लग रहे हैं। यह हालात अकेले नारनौल मंडी नहीं, बल्कि जिले की सभी बाजरा खरीद वाली छह की छह मंडियों के हैं। जानकारी मुताबिक दूसरे दिन नारनौल अनाज मंडी में 23 गेट पास वाले किसानों को एंट्री दी गई, जो करीब 380 क्विंटल बाजरा लेकर आए थे। इससे पहले एक अक्टूबर को खरीद शुरू होने के दिन 28 किसान लगभग 480 क्विंटल बाजरा लेकर मंडी पहुंचे थे, लेकिन दोनों ही दिनों में बाजरे का एक भी दाना नहीं खरीदा गया। इससे किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। खरीद एजेंसी के अधिकारी भी किसानों को सही रिस्पोंस नहीं दे रहे। इस कारण उनमें नाराजगी बनी हुई है। मंडी आए अनेक किसानों में आधुनिक तकनीक इंटरनेट की जानकारी नहीं होने की भी परेशानी देखी गई। कई किसानों को पोर्टल तक की जानकारी नहीं। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर बाजरा पंजीकृत नहीं होने पर किसान सरकार को बाजरा नहीं बेच सकता। इतना ही नहीं, जिन मंडी आए किसानों के वाहनों जैसे ट्रैक्टर-ट्राली आदि पर नंबर न हों तो, उन्हें भी एंट्री देना मना है। बिना नंबर वाले वाहनों का बाजरा खरीदना बंद है। इस प्रकार की जटिलताओं से किसान परेशान हैं।

खरीद के लिए एजेंसी नियुक्त

मार्केट कमेटी की सचिव नुकुल यादव ने बताया कि दूसरे दिन भी खरीद चालू नहीं हो पाई है। हमारा कार्य केवल किसानों को मंडी एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। खरीद के लिए एजेंसी नियुक्त हैं, वही करेंगी। वैसे सरकारी खरीद चालू नहीं होने पर सोमवार को आढ़तियों के साथ मीटिंग करने की योजना है, ताकि प्राइवेट खरीद चालू हो सके।

कड़े मापदंडों और डेटा वेरीफिकेशन में उलझे

अटेली अनाज मंडी में इन दिनों बाजरे की बंपर आवक के बीच किसानों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मंडी में अब तक करीब 4053 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है, लेकिन केंद्रीय पूल के कड़े गुणवत्ता मानकों और पोर्टल पर डेटा वेरीफिकेशन की तकनीकी समस्याओं के चलते खरीद प्रक्रिया गंभीर संकट में फंस गई है। हैफेड के मैनेजर सत्येंद्र यादव ने स्पष्ट किया है कि बाजरे की खरीद के लिए नमी की मात्रा अधिकतम 13 प्रतिशत और अन्य खाद्यान्न, क्षतिग्रस्त व सिकुड़े दानों की तय सीमा जैसे सख्त मापदंड अनिवार्य हैं। इन कड़े पैमानों के कारण कई किसानों का स्टॉक मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है।

खाद वितरण के दौरान पैक्स प्रबंधक व युवक से मारपीट

- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप, उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

नारनौल। सदर थाना क्षेत्र के गांव खटोटी कलां स्थित पैक्स में गुरुवार को खाद वितरण के दौरान विवाद हो गया। इस दौरान पैक्स प्रबंधक सुरेंद्र और खाद लेने पहुंचे जाखनी निवासी धर्मेंद्र ने एक-दूसरे से जुड़े लोगों पर मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। दोनों घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में गहली चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू की है। पैक्स प्रबंधक सुरेंद्र ने आरोप लगाया कि वह सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार खटोटी कलां में खाद का वितरण कर रहे थे। इसी दौरान करमवीर और उसके साथ आए कुछ लोगों ने उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान उनके साथ अभद्रता की गई तथा कैश छीनने का प्रयास भी किया गया। हालांकि, आरोपी कैश ले जाने में सफल नहीं हो सके और मौके से चले गए। सुरेंद्र झांझड़िया गांव के रहने वाले हैं और खटोटी कलां पैक्स में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

सिर में चोट, पैर में फ्रैक्चर की बात

धर्मेंद्र ने बताया कि मारपीट में उसके सिर में चोट और सूजन आई है। डॉक्टरों ने उसे आगे की जांच के लिए रेफर किया। उसने पैक्स प्रबंधक सुरेंद्र के पैर में फ्रैक्चर होने की भी जानकारी दी। सूचना पर गहली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को साथ ले गई। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। खाद वितरण को लेकर विवाद के बाद मौके पर कुछ समय तनाव रहा।

खाद लेने पहुंचे युवक ने भी लगाए मारपीट के आरोप

जाखनी निवासी धर्मेंद्र ने आरोप लगाया कि खटोटी पैक्स में खाद लेने के दौरान करमवीर, अभिमन्यु और कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत देने के बाद वह दोबारा लाइन में लग गया। धर्मेंद्र के अनुसार, इसी दौरान कुछ युवकों ने पैक्स प्रबंधक सुरेंद्र को कमरे में बंद कर मारपीट की।

जीनियस एकेडमी में मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



महेंद्रगढ़। जीनियस एकेडमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान दोनों महापुरूषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। इस उपलक्ष्य पर एकेडमी में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। इस प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को 5100 रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया गया। एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव ने बताया कि आज पूरा देश अपने दो महान विभूतियों को याद व नमन करता है ओर प्रेरणा लेता है कि जिस प्रकार से लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी ने अपने नेतृत्व से देश को आजाद ही नहीं बल्कि आगे भी बढ़ाया है। आज विद्यालय में सितंबर परीक्षा के बाद इस मीटिंग का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन सोनिका यादव ने बताया कि दो अक्टूबर 1904 को लाल बहादुर शास्त्री व दो अक्टूबर 1869 को महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। उनके पिता प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक थे। इस अवसर पर दिलेर सिंह, देवेन्द्र, सतीश, दीपक, सोमवीर, प्रवीन, राधिका, सुरेन्द्र, उपस्थित रहे।

पीटीएम में सैकड़ों अभिभावकों ने लिया भाग

नारनौल। एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपुरा में अर्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणाम एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को लेकर अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों के परीक्षा परिणाम, विषयवार प्रदर्शन, नियमित उपस्थिति, अनुशासन तथा शैक्षणिक प्रगति के बारे में से जानकारी दी। चेयरमैन सियाराम ने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास का विकास भी जरूरी है। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लिया।



12वीं तक के छात्र व अभिभावकों ने लिया भाग

अभिभावक-शिक्षक बैठक में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा



नारनौल। अभिभावक-शिक्षक बैठक में हिस्सा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

नारनौल। गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद में शुक्रवार नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक की अभिभावक-शिक्षक बैठक का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन अजय कुमार ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल नेतराम सैनी, मैनेजिंग डायरेक्टर पूजन सैनी, प्राथमिक हैंड ममता यादव एवं ट्रांसपोर्ट हेड मुकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रिंसिपल नेतराम सैनी ने कहा कि बच्चे की शिक्षा में केवल स्कूल ही नहीं, बल्कि अभिभावकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, बच्चा स्कूल में छह घंटे और घर पर 18 घंटे रहता है, यदि दोनों जगह एक ही दिशा में कार्य हो तो बच्चे का सर्वांगीण विकास निश्चित है। उन्होंने अभिभावकों से मोबाइल के सीमित उपयोग और बच्चों के साथ प्रतिदिन संवाद करने का आह्वान किया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर रन फॉर डीएवी मैराथन, 400 विद्यार्थियों ने लगाई दौड़



नारनौल। गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति, नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी 'रन फॉर डीएवी' मैराथन का आयोजन किया गया। एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल और डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित मैराथन का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, एकता, सेवा-भावना और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देना रहा। मैराथन का शुभारंभ विधायक ओमप्रकाश यादव और डीएसपी भारत भूषण ने पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ पुलिस लाइन से शुरू होकर अग्रसेन चौक, राजीव चौक और नागरिक अस्पताल होते हुए सुभाष स्टेडियम पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। दोनों विद्यालयों के कक्षा नौवीं से 12वीं तक के करीब 400 विद्यार्थियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं-12वीं के लड़कों में आदित्य 12वीं कॉमर्स प्रथम, दक्ष 11वीं कॉमर्स द्वितीय और वंश 11वीं तृतीय रहे। लड़कियों में दीया 12वीं कॉमर्स प्रथम, किस्मत 12वीं विज्ञान द्वितीय और सलोनी 11वीं विज्ञान तृतीय स्थान पर रही। कक्षा नौवीं-10वीं के लड़कों में पारुल प्रथम, ऋतिक वर्मा द्वितीय और कर्तव्य तृतीय रहे।

ध्रुव चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुन श्रोता हुए भावविभोर

भगवान नारायण-ध्रुव की झांकी ने मोहा मन

भागवत कथा में गूंजा प्रभु नाम स्मरण व निःस्वार्थ भक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

समीपवर्ती गांव दुलोठ जाट में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने भगवान नारायण की भक्ति, सृष्टि निर्माण और ध्रुव चरित्र के प्रसंगों का श्रवण किया। कथा के शुभारंभ पर आचार्य मनीष शास्त्री, यश शास्त्री एवं गोपेश शास्त्री ने मुख्य यजमान परिवार से विधिवत देवी-देवताओं का पूजन करवाया तथा भागवत आरती करवाई। भागवताचार्य पं. बजरंग शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत साक्षात नारायण का स्वरूप है और मुक्ति प्रदान करने वाली है। उन्होंने कहा कि घर-परिवार का पालन-पोषण करना मनुष्य का धर्म है, लेकिन जीवन की प्रत्येक सांस में प्रभु का स्मरण बना रहे, यही मानव जीवन का परम धर्म है। उन्होंने श्रद्धालुओं से निःस्वार्थ भाव से भगवान की भक्ति करने का आह्वान किया। कथा में आचार्य ने श्रीशुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को दिए गए उपदेशों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान नारायण ने ब्रह्मा जी को चतुःश्लोकी भागवत का उपदेश दिया। इसके बाद भगवान के वराह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान ने हिरण्याक्ष का उद्धार कर रसातल में गई पृथ्वी को बाहर निकाला।



नारनौल। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान झांकी प्रस्तुत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मनु-शतरूपा से सृष्टि का विस्तार

कथा में आचार्य ने श्रीशुकदेव ने बताया कि भगवान नारायण की आज्ञा से ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण का कार्य प्रारंभ किया और विभिन्न प्रकार की सृष्टियों की रचना की। ब्रह्मा जी ने अपने शरीर से प्रथम पुरुष मनु और स्त्री शतरूपा को प्रकट किया। मनु और शतरूपा से ही आगे सृष्टि का विस्तार हुआ। इनके यहां आकूति, देवहूति और प्रसूति तीन पुत्रियों तथा प्रियव्रत और उत्तानपाद दो पुत्रों का जन्म हुआ। कथा के दौरान कर्दम-देवहूति संवाद, कपिल-देवहूति संवाद तथा सती चरित्र का भी विस्तार से वर्णन किया गया। सती चरित्र के प्रसंग में आचार्य ने कहा कि जहां व्यक्ति का सम्मान न हो, वहां बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए। माता सती के अपने पिता दक्ष के यज्ञ में जाने और वहां भगवान शिव का अपमान सहन न कर पाने के बाद योगाग्नि से अपना शरीर त्यागने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो गए। आचार्य ने कहा कि मनुष्य को सांसारिक जिम्मेदारियां निभाने के साथ प्रभु का नाम स्मरण और पुण्य कार्य है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295154800, 8295738500, 9253681005